Coverage Report: TCS IT Wiz – Indore Edition

सवाल सुने बगैर बजाया बज़र, छात्रों से छिन गई विनर ट्रॉफी

आईटी विज़ कॉम्पीटिशन में भोपाल के स्कूल की टीम रही विजेता

COMPETITION

सिटी रिपोर्टर • स्कूल स्टूडेंट्स की मोस्ट प्रेस्टिजियस क्विज़ कॉम्पीटिशन.... हाई लेवल के टेक्नालॉजी रिलेटेड क्वेश्चन्स..... कुल 600 टीमों की भागीदारी..... फाइनल राउंड में बेस्ट टीमों से मुकाबला....पूरे क्विज़ का आखरी सवाल जो तय करेगा विनर कौन होगा और खचाखच भरा हुआ यूनिवर्सिटी ऑडिटोरियम। लास्ट मोमेंट पर इतने प्रेशर के बीच इंदौर के एक निजी स्कूल की टीम ने क्वीज़ मास्टर के सवाल पूछने से पहले ही बज़र बजा दिया और उनके हाथ से विनर पोज़िशन फिसल गई। भोपाल के एक स्कूल के स्टूडेंट निश्चय शोपूरकर और हार्दिक पथिक विजेता बने। रनर्सअप रहे कोटा के स्कूल के अनिमेश हर्ष और यश कासलीवाल।

ये दृश्य गुरुवार दोपहर उपस्थित हुआ यूनिवर्सिटी के खंडवा रोड़ स्थित ऑडिटोरियम में आयोजित आईटी विज़ कॉम्पीटिशन में। इंदौर, भोपाल सहित कोटा के स्कूलों के करीब 1200 स्टूडेंट्स ने क्विज़ के रिजनल फाइनल राउंड में पार्टिसिपेट किया। इसमें से फाइनल राउंड के लिए 6 टीमों का चुनाव किया गया।

इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर पर पूछे सवाल

क्विज़ मास्टर गिरी बालसुब्रमण्यम ने फाइनल राउंड के लिए बेहतरीन सवालों को बचा कर रखे थे जो उन्होंने लेंडिंग पेज, एसईओ, गोईंग वाइरल और नेटवर्थ कैटेगरी में पूछे। इन सभी कैटेगरीज़ में इंफॉर्मेशन टेक्नालॉजी, हार्डवेयर, सॉफ्टवेयर और गेमिंग सहित अन्य फील्ड के सवाल पूछे गए। टीमों द्वारा जवाब नहीं दिए जाने पर ऑडिटोरियम में बैठे स्कूली स्टूडेंट्स को सही जवाब देने का मौका दिया गया। विजेता रहे दोनों स्टूडेंट्स क्विज़ के नेशनल फाइनल में पार्टिसिपेट करेंगे। विजेताओं को इनाम में आईपैड एयर और रनर्सअप को आईपैड एयर दिए गए।

• विजेता भोपाल टीम को पुरस्कृत करते कंपनी के अधिकारी।